दिन– रविवार दिनांक– 12 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

राज्य में नए मुख्यमंत्री के मुद्दे पर सीएम नीतीश कुमार के आवास पर उच्च स्तरीय बैठक हुई है। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और सांसद देवेश चंद्र ठाकुर शामिल हुए। बैठक के बाद श्री चौधरी ने कहा कि एनडीए की सहमति से मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। इधर, भाजपा और जदयू ने अपने सभी विधायकों को पटना में रहने का निर्देश दिया है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि दो हजार उनतीस से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट हों। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है। इस विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र सोलह अप्रैल से शुरु हो रहा है। इस अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ सोलह हो जाएगी, जिसमें दो सौ तिहत्तर सीटें महिलाओं के लिए होंगी। इधर, भाजपा ने लोकसभा और राज्यसभा के अपने सदस्यों को सोलह से अठारह अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

———————————————————

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमरीका और ईरान के बीच लगभग इक्कीस घंटे तक चली शांति वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि बातचीत में कोई समझौता नहीं हो सका। वार्ता के प्रमुख मुद्दों में पश्चिम एशिया में युद्धविराम, अमरीका में रोकी गई ईरानी संपत्तियों को रिहा करने और हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य खोलने से जुड़े विषय शामिल थे।

———————————————————

दिग्गज गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में बेरानवे वर्ष की आयु में निधन हो गया। आशा भोसले को कल शाम सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका अंतिम संस्कार कल शाम चार बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले ने पिछले आठ दशकों से अधिक के अपने करियर में विभिन्न भाषाओं में बारह हजार से अधिक गाने गाए। वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती थीं और उन्होंने रोमांटिक गीतों और ग़ज़लों से लेकर जोशीले गानों तक कई यादगार गीतें गाईं।

———————————————————

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मराठी फिल्मों से की और उन्नीस सौ अड़तालीस में फिल्म चुनरिया से हिंदी फिल्म उद्योग में कदम रखा। उन्हें दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, अठारह महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार, एक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार सहित रिकॉर्ड सात फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। वर्ष दो हजार में उन्हें सिनेमा जगत के सर्वोच्च पुरस्कार दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष दो हजार ग्यारह में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उन्हें संगीत इतिहास में सबसे अधिक रिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में मान्यता दी थी। उनके सबसे यादगार गानों में– अभी ना जाओ छोड़ कर, इन आंखों की मस्ती और दिल चीज क्या है शामिल हैं।

———————————————————

अररिया जिले के महलगांव थाना क्षेत्र के एक आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर हथियार लहराने और धमकी देने वाले आरोपी मोहम्मद सोहराब पर महलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

———————————————————

रोहतास जिले के नगर थाना क्षेत्र में सासाराम–बक्सर मुख्य मार्ग पर मुरादाबाद पुल के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।